# यमुना प्राधिकरण में निवेश के लिए अमेरिका से मिला 35 करोड़

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

- 100 एकड़ भूमि सेक्टर 22 ई में विश्वविद्यालय के लिए दी गई
- ब्लू स्काई वेंटेज ने मांगी थी यमुना प्राधिकरण से जमीन

अमेरिकी कंसल्टेंसी फर्म ब्लू स्काई वेंटेज ने यमुना प्राधिकरण को भूमि आवंटन के लिए 35 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह रकम सेक्टर 22 ई में आवंटित 100 एकड़ भूमि के एवज में भुगतान की गई है। यमुना प्राधिकरण ने भूमि आवंटन के लिए पूर्व में सैद्धांतिक सहमति दी थी।

यमुना प्राधिकरण को अमेरिका का पहला निवेश मिल गया है। ब्लू स्काई वेंटेज ने प्राधिकरण से विश्वविद्यालय, स्कूल आदि के लिए 100 एकड़ भूमि की मांग की थी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र का दौरा कर यहां संरचनात्मक ढांचा व सुविधाओं की जानकारी ली थी। प्राधिकरण ने सेक्टर 22 ई में 100 एकड़ भूमि आवंटन पर सैद्धांतिक सहमति दी थी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा.अरुणवीर सिंह ने बताया कि ब्लू स्काई वेंटेज की ओर से प्राधिकरण को भूमि आवंटन में एवज में 35 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट स्कूल के अतिरिक्त आर्ट, ड्रामा आदि के स्कूल भी होंगे। इसके अतिरिक्त मनोरंजन हब भी विकसित होगा। इस पर करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

प्राधिकरण क्षेत्र में अमेरिकन सिटी बसाने की योजना भी है। इसे एक हजार एकड़ में बसाया जाएगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, हेल्थकेयर, रिटेल, हास्पिटेलिटी आदि से संबंधित इकाई विकसित से संबंधित ढांचा विकसित होगा।